हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 4 अप्रैल 2026, समय 1305 (5 मिनट)

उद्योग जगत ने सरकार के कई महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट देने के निर्णय का स्वागत किया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहर्ष दमानी ने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह एक एहतियाती कदम है, जिससे ऑटो क्षेत्र को राहत मिलेगी।
इस बीच, भारतीय औषधि निर्माता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विरांची शाह ने कहा कि एपीआई और फॉर्मूलेशन निर्माण में उपयोग होने वाले प्रमुख सॉल्वैंट्स और रसायनों पर आयात शुल्क हटाने से हाल में हुई मूल्य वृद्धि को रोकने में मदद मिलेगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को सभी नहरों, रजवाहों एवं नालों की सफाई का कार्य बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सिंचाई, जनस्वास्थ्य एवं स्थानीय निकायों विभाग के अधिकारियों के साथ रजवाहों ,नहरों एवं नालों की सफाई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने आबादी क्षेत्र में नालों एवं नहरों के साथ मजबूत बर्म बनाने और इस कार्य की नियमित निगरानी करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद में राजस्थान सीमा तक बरसाती पानी की निकासी हेतु रजवाहा बनाने का प्रस्ताव बनाने को भी कहा ताकि क्षेत्र के किसान उस पानी का सिंचाई के लिए उपयोग कर सके। मुख्यमंत्री ने जलभराव वाले आबादी क्षेत्रों के लिए नई जल निकासी परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के भी

निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में तटबंध कमजोर और टूटने के कगार पर हो उनका समय से पूर्व निरीक्षण कर मजबूत बनाया जाए। इसके अलावा उन्होंने निचले क्षेत्रों में भी तटबंधों को मजबूत करने ऐ इन तटबंधों को पर्यावरण की दृष्टि से हरा भरा बनाने के लिए पेड़ लगाने के निर्देश भी दिए ।

****

फरीदाबाद महानगरीय विकास प्राधिकरण ने फरीदाबाद में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 988 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट को मंजूरी प्रदान की है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल देर शाम सूरजकुंड में हुई प्राधिकरण की 7वीं बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सीवरेज प्रबंधन, जल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी, सड़क अवसंरचना और शहर में हरियाली बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया।

मुख्यमंत्री ने सतत जल प्रबंधन के लिए विभिन्न परियोजनाओं को और जिले में कई जगह अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र लगाने को मंजूरी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा, "जल संरक्षण और पुनः उपयोग शहरों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।"

****

फरीदाबाद महानगरीय विकास प्राधिकरण ने फरीदाबाद में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 988 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट को मंजूरी प्रदान की है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल देर शाम सूरजकुंड में हुई प्राधिकरण की 7वीं बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सीवरेज प्रबंधन, जल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी, सड़क अवसंरचना और शहर में हरियाली बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया।

मुख्यमंत्री ने सतत जल प्रबंधन के लिए विभिन्न परियोजनाओं को और जिले में कई जगह अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र लगाने को मंजूरी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा, "जल संरक्षण और पुनः उपयोग शहरों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।"

****

पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने अप्रैल माह में मनाये जाने वाले विश्व मुख कैंसर माह में समाज में मौखिक कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता पोस्टर जारी कर विशेष अभियान का शुभारंभ किया।

श्री मित्तल ने कहा, विशेषज्ञों के अनुसार, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन मुंह के कैंसर के प्रमुख कारण हैं।

जागरूकता अभियान के संयोजक डॉ मनोज राव ने बताया, इस अभियान के तहत पंचकूला ज़िले के गांव, नगरों और बस्तियों में आम जन को इस कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही लोगों को नियमित जांच कराने और गलत आदतों को त्यागने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

****

नेता प्रतिपक्ष भूपिंदर हुड्डा को ए जे एल मामले

में प्रवर्तन निदेशालय की अदालत से भी राहत मिल गई है।बचाव पक्ष के वकील एस पी एस परमार ने बताया कि पंचकूला स्थित ई डी की अदालत ने इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा और मोती लाल वोहरा को आरोप मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे पहले एजीएल मामले में सीबीआई भी दोनों को आरोप मुक्त कर चुकी है।

****